"प्रश्नपत्रिका को उत्तरपुस्तिका के साथ जोड़ना अनिवार्य हैं।"

"QUESTION PAPER MUST BE ATTACHED ALONGWITH THE ANSWER BOOK."

नवम्बर, 2016 **अग्नि बीमा दर निर्धारण तथा बीमांकन** **G-59**

November, 2016 **FIRE INSURANCE RATING & UNDERWRITING** Reg. No.

समय: 3 घंटे (कुल अंक : 100)

[Time : 3 Hours] [Total Marks: 100]

किन्ही आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न क्र. **10** अनिवार्य हैं उसके **16** अंक हैं।

प्र. क्र. **1** से प्र. क्र. **9** में से किन्हीं **7** प्रश्नों के उत्तर दीजिए, प्रत्येक के **12** अंक हैं।

किसी प्रश्न के **हिन्दी** अनुवाद में यदि कोई विवाद या त्रुटि हो तो ऐसी स्थिति में **अंग्रेजी** अनुवाद ही सही मान्य होगा।

Answer **EIGHT** questions only. Question number **TEN** is compulsory which carries 16 marks.

Any **SEVEN** questions from Q. No. **1** to Q. No. **9** which carries **12** marks each.

In case of dispute in respect of **Hindi** translation of question, the **English** version shall be valid.

**Marks**

प्र. 1 निम्नलिखित के बारे में चर्चा कीजिए **(किन्हीं तीन):** प्रत्येक 4

क) बीमा अधिनियम, १९३८ के अनुसार अग्नि बीमा व्यवसाय की परिभाषा दीजिए.

ख) एसएफएसपी पॉलिसी के अंतर्गत आवरित सभी बारह (१२)जोखिम बताइए.

ग) तीन ऐसे व्यक्तियों के उदाहरण दीजिए जिनका अग्नि पॉलिसी के अंतर्गत बीमायोग्य हित होता है.

घ) 'यथानुपात प्रीमियम' का क्या मतलब होता है? यह कब लागू होता है? १ वर्ष की अवधि के लिए ०१.०१.२०१६ को एक पॉलिसी ली जाती है, जिसका वार्षिक प्रीमियम रु.४०००/- है, और बीमाधारक उसे ३०.०३.२०१६ को निरस्त करना चाहता है - लौटाए जाने वाले प्रीमियम की गणना कीजिए.

Q.1. Discuss **(any three)** of the following: 4 each

a) Define Fire Insurance Business as per Insurance Act, 1938.

b) Mention all the twelve (12) perils that are covered under SFSP Policy.

c) Give three examples of persons having insurable interest under a Fire Policy.

d) What is meant by 'Pro-rata premium'? When it is applicable? Policy is taken on 01.01.2016 for a period of one year having annual premium of Rs. 4000/- and it is desired to be cancelled by the insured on 30.03.2016 – Calculate the premium to be refunded.

प्र. 2 निम्नलिखित का वर्णन कीजिए **किन्हीं तीन**)- प्रत्येक 4

क) किराये की हानि क्लॉज

ख) मलबा पृथक्करण क्लॉज

ग) स्टॉक का अस्थाई तौर पर हटाया जाना क्लॉज

घ) आर्किटेक्ट, सर्वेयर तथा परामर्शदाता की फीस क्लॉज

Q.2. Explain the following: **(any three)** 4 each

a) Loss of Rent Clause

b) Removal of Debris Clause

c) Temporary Removal of Stocks Clause

d) Architects, Surveyors & Consulting Fees Clause

प्र. 3 निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** का परस्पर अंतर स्पष्ट कीजिए: प्रत्येक 4

क) आनुपातिक और गैर-आनुपातिक ट्रीटियां

ख) जिन सभी पॉलिसियों की संयुक्त बीमाकृत राशि रु.१०० करोड़ तक और रु.१०० करोड़ से अधिक होती है, उनके मामले में आईएआर पॉलिसी पर लागू व्यवकलनीय

ग) अनिवार्य व्यवकलनीय और स्वैच्छिक व्यवकलनीय

घ) पॉलिसी में बीमाधारक के नाम के निकट उल्लिखित बीमाधारक का पता और पॉलिसी में उल्लिखित जोखिम स्थल

Q.3. Distinguish between **any three** of the following: 4 each

a) Proportional and Non-Proportional Treaties

b) Deductible as applicable to IAR Policy in case of All Policies having Combined Sum Insured up to Rs. 100 Crores and above Rs. 100 Crores.

c) Compulsory deductible and Voluntary deductible

d) Address of the Insured mentioned near the name of the insured in the policy and the location of the risk mentioned in the policy

प्र. 4 निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** का उत्तर दीजिए: प्रत्येक 4

क) 'मूल्यवृद्धि क्लॉज' से आप क्या समझते हैं?

ख) एसएफएसपी पॉलिसी के अंतर्गत इस विस्तारण हेतु लागू किन्हीं भी छ: (६) शर्तों एवं निबंधनों की विस्तृत व्याख्या कीजिए.

ग) यदि बीमाधारक ने एसएफएसपी पॉलिसी के अंतर्गत २५% मूल्यवृद्धि का विकल्प चुना हो तो उसे प्रत्येक नवीकरण पर बीमाकर्ता को क्या अधिसूचित करना चाहिए?

घ) इस क्लॉज से बीमाधारक को होने वाले लाभों का वर्णन कीजिए.

Q.4. Answer **any three** of the following: 4 each

a) What do you understand by "Escalation Clause"?

b) Elaborate any six (6) terms and conditions for this extension under SFSP Policy.

c) What the Insured should notify the Insurer at each renewal if the Insured has opted for 25% Escalation under the SFSP Policy?

d) Describe the benefits of this clause to the insured.

प्र. 5 कम से दो यथोचित उदाहरण सहित निम्नलिखित शब्दावलियां परिभाषित कीजिए **(किन्हीं दो** का उत्तर दीजिए): प्रत्येक 6

क) औद्योगिक सर्वजोखिम बीमा पॉलिसी जारी करने के लिए पात्रता मानदंड

ख) अग्निशमन उपकरण

ग) पॉलिसीधारकों का हित संरक्षण संबंधी आईआरडीएआई विनियम, २००२

Q.5. Define the following terms with at least two suitable example (Answer **any two**): 6 each

a) Eligibility criteria for issuance of an Industrial All Risks Insurance policy.

b) Fire Extinguishing appliances.

c) IRDAI's Protection of Policyholders' Interests Regulations 2002.

प्र. 6 निम्नलिखित का वर्णन कीजिए **(कोई भी दो):** प्रत्येक 6

क) 'बहुसंख्यक अधिवासिता' के मामले में जोखिम दर-निर्धारण

ख) एकल ग्राहकों के लिए तैयार किये गये साधारण बीमा उत्पादों को फाइल करते समय बीमाकर्ताओं की ओर से प्रस्तुत की जाने वाली 'उत्पाद विशेषताएं'

ग) जोखिम निरीक्षण रिपोर्ट का उद्देश्य एवं विषय क्षेत्र

घ) बीमा कंपनी की ओर से जारी की जाने वाली 'स्वीकारण सूचना सह पावती' में वर्णित मदों का उल्लेख कीजिए

Q.6. Describe of the following: **(any two)** 6 each

a) Rating of Risks in a 'Multiple Occupancy'.

b) Illustrate the 'Product Features' to be intimated by the Insurers whist filling General Insurance Products designed for Individual Clients.

c) The Object & Scope of a Risk Inspection Report.

d) Enumerate the items described in the 'Acceptance Advice cum Receipt' as issued by the Insurance Company.

प्र. 7 निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** का उत्तर दीजिए: प्रत्येक 6

क) 'बीमाकृत राशि की पर्याप्तता' से क्या अभिप्राय है? एक ऐसा उदाहरण दीजिए जहां दावा निपटान हेतु एसएफएसपी पॉलिसी की शर्त क्र.१० के अनुसार 'औसत की यथानुपात शर्त' लागू होती है. आपका उत्तर संख्यात्मक गणना से समर्थित होना चाहिए.

ख) ''फाइल एंड यूज'' संबंधी दिशानिर्देश कब से लागू हुए? इनके अनुपालन की

शर्तें क्या हैं?

ग) वे कौन से कारक हैं जिनके आधार पर प्रतिधारण तय किये जाते हैं?

Q.7. Answer **any two** of the following: 6 each

a) What do you mean by 'Adequacy of Sum Insured'? Furnish one example where 'Pro-rata Condition of Average' is applicable as per the Condition No. 10 of SFSP Policy for a claim to settle with a numerical calculation in support.

b) When "File & Use" guidelines came into effect? What are its Compliance Norms?

c) What are the factors on the basis of which the retentions are fixed?

प्र. 8 क) पेट्रोरसायन जोखिमों के बारे में अलग से विचार करने की क्या जरुरत है? 3

ख) वे कौन से जोखिम हैं जिन्हें पेट्रोरसायन जोखिम के तौर पर दर-निर्धारण करने से वर्जित किया जाता है, हालांकि वे उद्योग का ही हिस्सा होते हैं? 3

ग) पेट्रोरसायन बीमा पॉलिसियों के अनुसार निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** की परिभाषा दीजिए: प्रत्येक 3

i) ज्वलनशील सामग्रियों का वर्गीकरण

ii) विविध बिल्डिंग

iii) बल्क टंकी-धारिता/टैंक फार्म

Q.8. a) What is the need for treating Petrochemical risks separately? 3

b) Which are the risks that are excluded from being rated as a petrochemical risk though they from part of one industry 3

c) Define any **two** of the following as per the Petrochemical Insurance Policies:- 3 each

i) Classification of Inflammable Materials

ii) Miscellaneous Buildings

iii) Bulk Tankage / Tank Farms

प्र. 9 निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** के बारे में चर्चा कीजिए: प्रत्येक 6

क) एसएफएसपी पॉलिसी में निर्दिष्ट 'मूल्यवृद्धि क्लॉज' के अनुसार प्रीमियम की गणना कीजिए - फैक्टरी की बीमाकृत राशि है रु.१० करोड़, बीमाधारक द्वारा चयनित मूल्यवृद्धि प्रतिशतांक (%) है २५% और पॉलिसी की प्रीमियम दर है रु.२.००‰.

ख) "बीमांकन का सार है जोखिम की पहचान, आकलन, रुपरेखा तैयार करना, नियंत्रित करना और मूल्य-निर्धारण/दर-निर्धारण" - भारतीय बाजार के विद्यमान दौर में अग्नि बीमा के प्रसंग में यह कथन कितना सार्थक है?

ग) 'घोषणा पॉलिसी के अंतर्गत प्रीमियम वापसी' का क्या तात्पर्य होता है? यदि अग्नि घोषणा पॉलिसी के अंतर्गत बीमाकृत राशि रु.२ करोड़, अग्नि प्रीमियम की

दर रु.१.००‰ और औसत मासिक घोषणा रु.६०,००,०००/- रही हो तो अनंतिम प्रीमियम तथा धनवापसी की गणना कीजिए,

Q.9. Discuss **any two** of the following: 6 each

a) Calculate the Premium as per the 'Escalation Clause' inserted in a SFSP Policy, when the Sum Insured of the factory is Rs. 10 Crores and the escalation percentage (%) opted by the Insured is 25% and the Policy Premium Rate is Rs. 2.00 ‰

b) "The essence of underwriting is Risk recognition, Assessment, Shaping, Containing, and Pricing / Rating" – how it is effective in Fire Insurance in this current era of Indian Market.

c) What do you mean by 'Refund of premium under Declaration Policy'? In fire declaration policy calculate the provisional premium and refund where the S.I. is Rs. 2 Crores and the Fire Premium Rate : Rs. 1.00 ‰ and average monthly declaration is found as Rs. 60,00,000/-.

प्र. 10 ''फाइल एंड यूज कार्यप्रणालियों के अंतर्गत आईआरडीएआई के दिशानिर्देशों के अनुसार बीमांकन एवं दर-निर्धारण के नये आयाम'' के विभिन्न पहलुओं का उल्लेख कीजिए. 16

**या**

अग्नि घोषणा पॉलिसी की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा कीजिए.

Q.10. Enumerate the various facets of the 'New dimensions of Underwriting and Rating as per IRDAI Guidelines under File & Use Procedures'. 16

**OR**

Discuss salient features of Fire Declaration Policy.

**समाप्त - End**